राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद
(भारत सरकार का एक विधिक संस्थान)

गुरुर्गुरुतमो धाम
NCTE

**National Council for Teacher Education**
(A Statutory Body of the Government of India)

फा.सं 2–4/2009/राअशिप/स्थापना

दिनांकः 31 अगस्त, 2015
09 सित.

सेवा में

| | |
|---|---|
| क्षेत्रीय निदेशक,<br>उत्तरी क्षेत्रीय समिति,<br>राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद,<br>चौथी मंजिल, जीवन निधि–II, एलआईसी बिल्डिंग<br>भवानी सिंह मार्ग, अम्बेडकर सर्कल<br>जयपुर–302005 | क्षेत्रीय निदेशक,<br>पश्चिमी क्षेत्रीय समिति,<br>राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद,<br>मानस भवन, ए आई आर के पास,<br>श्यामला हिल्स,<br>भोपाल–462002 |
| क्षेत्रीय निदेशक,<br>दक्षिणी क्षेत्रीय समिति,<br>राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद,<br>ज्ञान भारती कैम्पस रोड,<br>नगरभावी, नेशनल लॉ स्कूल के सामने,<br>बैंगलोर–560072 | क्षेत्रीय निदेशक,<br>पूर्वी क्षेत्रीय समिति,<br>राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद,<br>ई–15, नीलकंठ नगर, नयापल्ली,<br>भुवनेश्वर–751012 |

विषयः हिन्दी सप्ताह का आयोजन।

महोदय,

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में यह निर्णय लिया गया है कि भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के आदेशों के अनुसार हिंदी दिवस 14 सितंबर, 2015 के अवसर पर सभी क्षेत्रीय समितियों में हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया जाए। मुख्यालय में भी हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है और कई हिन्दी प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

2. अनुरोध है कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की चारों क्षेत्रीय समितियों में हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया जाए, हिन्दी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं।

3. इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद मुख्यालय तथा चारों क्षेत्रीय समितियों के क्षेत्रीय निदेशकों के लिए मेरी तरफ से एक अपील की प्रति संलग्न है। यह अपील समिति के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों की जानकारी में लाई जाए।

4. हिन्दी सप्ताह के आयोजन की एक विस्तृत रिपोर्ट मुख्यालय में भेजने की कृपा करें।

भवदीय,

(जुगलाल सिंह)
सदस्य सचिव

जुगलाल सिंह
JUGLAL SINGH
सदस्य सचिव
Member Secretary
राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद
National Council for Teacher Education
भारत सरकार/Govt. of India
हंस भवन, खण्ड–2/Hans Bhawan, Wing-II
1, बहादुरशाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली–2
1, Bahadurshah Zafar Marg, New Delhi-2

Wing – II, Hans Bhawan, 1, Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110002
Tel : 011-23370129, Fax : 23379980

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद
(भारत सरकार का एक विधिक संस्थान)

गुरुर्गुरुतमो धाम
NCTE

National Council for Teacher Education
(A Statutory Body of the Government of India)

## अपील

हिन्दी सप्ताह के अवसर पर राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद–परिवार के सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई।

ज्ञातव्य है कि समस्त भारतवासियों ने एक साथ संघर्ष कर भारत को विदेशी शासन से मुक्त करवाया था। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान 'स्वराज' 'स्वदेशी' और 'स्वभाषा' पर जोर दिया गया और 1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरांत आज ही के दिन अर्थात् 14 सितम्बर, 1949 को संविधान सभा ने हिन्दी को संघ की राजभाषा का दर्जा दिया। इस ऐतिहासिक स्मृति को हम हर वर्ष 'हिन्दी सप्ताह' के रूप में मनाते हैं।

आज के प्रबल प्रतिस्पर्द्धा के युग में व्यक्तित्व–विकास, व्यावसायिक गतिशीलता और भाषायी सह–अस्तित्व के लिए यह आवश्यक है कि हमें हिन्दी का भी उतना ही अच्छा ज्ञान हो जितना कि प्रान्तीय और अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं का ज्ञान प्राप्त करते हैं। सहज, सरल और बोलचाल की हिन्दी ही समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों में लोकप्रिय होगी, और सतत व स्थायी रूप से और अधिक विशाल क्षेत्र में प्रयोग में लायी जाएगी।

भाषा विचारों और भावों की अभिव्यक्ति का माध्यम होती है और हमारी अपनी भाषा हिन्दी सम्पर्क भाषा भी है। प्रत्येक भाषा की अपनी विशेषताएं होती हैं। राजभाषा हिन्दी एक सरल और समृद्ध भाषा है जोकि भारतवर्ष के लगभग सभी भागों में बोली और समझी जाती है। भारत की राजभाषा नीति के अधीन अन्य बातों के साथ–साथ दूसरी भाषाओं के जो शब्द बोलचाल की भाषा का अंग बन गए हैं, उन्हें मुक्त रूप से अपनाने को कहा गया है। इससे भाषा प्रगतिशील बनती है। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद में सरकारी कामकाज में हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग करने से आप सभी भारत सरकार की राजभाषा नीति, राजभाषा नियमों का अनुपालन करेंगे, सरकार के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वाह करेंगे।

अपनी दिनचर्या में हम सभी हिन्दी का प्रयोग करते हैं, हिन्दी में बतियाते हैं, हिन्दी में हंसते–हंसाते हैं, फिर सरकारी कामकाज में राजभाषा के हिन्दी के प्रयोग में कोई कोर–कसर क्यों रखें?

राजभाषा अधिनियम, 1963 के तहत बने राजभाषा नियम, 1976 के नियम 12 के अनुसार राजभाषा नीति से संबंधित प्रावधानों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी केन्द्रीय सरकारी कार्यालयों के प्रशासनिक प्रमुखों की है। मैं सभी प्रशासनिक प्रमुखों से आह्वान करता हूं कि वे इस संबंध में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें।

इस अवसर पर मैं आप सभी से अपील करता हूं कि आप सभी पूरी निष्ठा और लगन से राजभाषा हिन्दी को अपनाएं और अपना अधिकाधिक कार्य राजभाषा हिन्दी में करने की कोशिश करें।

जयहिन्द

(जुगलाल सिंह)
सदस्य सचिव

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 31 अगस्त, 2015

जुगलाल सिंह
JUGLAL SINGH
सदस्य सचिव
Member Secretary
राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद
National Council for Teacher Education
भारत सरकार / Govt. of India
हंस भवन, खण्ड–2 / Hans Bhawan, Wing-II
1, बहादुरशाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली–2
1, Bahadurshah Zafar Marg, New Delhi-2

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के सभी अधिकारी / कर्मचारी
राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की सभी क्षेत्रीय समितियां

Wing – II, Hans Bhawan, 1, Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110002
Tel : 011-23370129, Fax : 23379980